<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–14 अक्टूबर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्य अब न्यूनतम राशि छोड़ अपने ईपीएफ खातों से निकाल सकेंगे पूरी धनराशि।
- इन्वेस्ट यूपी का होगा पुनर्गठन। मुंबई, बैंगलुरू, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में खोले जायेंगे सेटेलाइट कार्यालय।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में सोलह हजार युवक और महिला मंगल दलों को वितरित की प्रोत्साहन खेल सामग्री किट। कहा– प्रतिभाशाली युवाओं के जरिये विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएगा प्रदेश।
- गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आज से शुरू होगा दो दिवसीय रोजगार महाकुंभ। प्रदेश के कुशल और अकुशल श्रमिकों को यूएई और ओमान में रोजगार पाने का मिलेगा अवसर।

**********

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ के सदस्य अब बिना किसी बाधा के अपने ईपीएफ खातों से न्यूनतम अनिवार्य राशि को छोड़कर शेष पूरी राशि निकाल सकेंगे। न्यूनतम अनिवार्य राशि सदस्य के खाते में योगदान का पचीस प्रतिशत होगी। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में कल ईपीएफओ केन्द्रीय न्यासी बोर्ड की हुयी बैठक में यह निर्णय लिया गया। एक रिपोर्ट–

***ईपीएफओ सदस्यों के जीवन को सुगम बनाने के लिये बोर्ड ने तेरह जटिल प्राविधानों को सिर्फ एक सुव्यवस्थित नियम में बदल कर निकासी को सिर्फ–आवश्यक जरूरतें, बीमारी, शिक्षा और विवाह तथा आवास की जरूरतें और विशेष परिस्थितियों में वर्गीकृत कर दिया है। अब शिक्षा के लिये दस बार तक और विवाह के लिये पांच बार तक निकासी की अनुमति होगी। वर्तमान में अधिकतम तीन बार ही आंशिक निकासी की छूट है। इसके साथ ही सभी श्रेणियों में आंशिक निकासी के लिये न्यूनतम सेवा की आवश्यकता को घटा कर सिर्फ बारह माह कर दिया गया है। श्रम मंत्रालय के मुताबिक इससे पहले विशेष परिस्थितियों के तहत निकासी के लिये कारण बताना होता था और उनके दावों को प्रायः खारिज कर दिया जाता था। अब इस श्रेणी में बिना कोई कारण बताये निकासी के लिये आवेदन किया जा सकेगा। समाचार कक्ष से अरूण।***

**********

प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के लिये इन्वेस्ट यूपी का पुनर्गठन किया जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल इन्वेस्ट यूपी के शासी निकाय की पहली बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक रिपोर्ट.....

***इन्वेस्ट यूपी के नए ढांचे के तहत टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेल गठित किए जाएंगे। साथ ही मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस स्थापित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से घरेलू और वैश्विक निवेशकों से सीधा संवाद स्थापित कर उत्तर प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनर्गठन का उद्देश्य इन्वेस्ट यूपी को अधिक कार्यकुशल, विशेषज्ञता–आधारित और निवेशक–केंद्रित संस्था के रूप में विकसित करना है। नये ढांचे के तहत इन्वेस्ट यूपी एक 'एकल निवेश सुविधा एजेंसी' के रूप में न केवल निवेश आकर्षित करेगा बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक उनकी सक्रिय निगरानी भी सुनिश्चित करेगा। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।***

बैठक में मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट यूपी में भूमि बैंक प्रकोष्ठ गठित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की। इस प्रकोष्ठ में उप जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी स्तर के दो पीसीएस अधिकारियों को तैनात किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नया ढांचा इन्वेस्ट यूपी को एक एकल निवेश सुविधा एजेंसी के रूप में सशक्त बनायेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में सोलह हज़ार युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने विधायक–सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अपने प्रतिभाशाली युवाओं के ज़रिए खेल, संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में 'विकसित भारत' के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि खेल अब जीवन की आवश्यकता और स्वावलंबन का आधार बन चुके हैं।

***अब खेल केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं है। अब तो ये जीवन की एक आवश्यकता हो चुकी है। आपके स्वावलंबन का आधार भी बन रहा है। हमने पिछले तीन वर्ष के अंदर पाँच सौ से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस में और विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी उपलब्ध करवाई है जिन्होंने प्रदेश को देश को मेडल उपलब्ध करवाये हैं। लगातार हमने उनको डिप्टी एसपी भी बनाया है। हमने उन्हें नायब तहसीलदार बनाया है। अन्य अनेक विभागों में उन्हें अवसर दिया है और जहां जाकर के वे खेल और खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ा रहे हैं।***

**********

श्रम और सेवायोजन विभाग की ओर से गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आज से दो दिवसीय रोजगार महाकुंभ–दो हजार पचीस का शुभारम्भ होगा। इस मेले में प्रदेश के कुशल और अकुशल श्रमिक जिनके पास वैध

अंर्तराष्ट्रीय पासपोर्ट है, उन्हें संयुक्त अरब–अमीरात–यू0ए0ई0 और ओमान में रोजगार पाने का अवसर मिलेगा। मेले में कुल दस हजार छः सौ पचपन पदों पर भर्ती की जायेगी। इनमें कंस्ट्रक्शन वर्कर, सुरपरवाइजर, मोबाइल पम्प आपरेटर, ट्रांजिट मिक्सर ड्राइवर, फोरमैन, हैवी ट्रक ड्राइवर, बस चालक, शटरिंग कारपेंन्टर और कंस्ट्रक्शन हेल्पर जैसे पद शामिल है। चयनित उम्मीदवारों को चौबीस हजार रूपये से लेकर एक लाख बीस हजार सात सौ उनहत्तर रूपये तक मासिक वेंतन मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल रोजगारसंगम डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाइन आवेदन कर के रोजगार मेले में शामिल हो सकते हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव पूरे देश को लाभान्वित कर रहा है। इसी कडी में आज प्रस्तुत है जीएसटी सुधारों से सशक्त होते विभिन्न उद्योगों पर एक रिपोर्ट–

***नए जीएसटी सुधार कारीगरों, किसानों और छोटे व्यवसायों के लिए एक बड़ी राहत है। इस सुधारों के तहत पारंपरिक और क्षेत्रीय उत्पाद अधिक किफायती हो गए हैं और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। यह सुधार कपड़ा और शिल्प क्षेत्रों के लिए विशेष महत्व रखता है। ऊनी शॉल और दुपट्टा पर कर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे बुनकरों और छोटी इकाइयों को अपनी पहुँच बढ़ाने में मदद मिलेगी। नए जीएसटी सुधार बिक्री बढाने आजीविका को बनाए रखने और त्योहारों के मौसम के दौरान विनिर्माण क्षेत्रों ऊर्जा प्रदान कर रहे है। रोहन के साथ दृष्टि पुनियानी आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।***

**********

प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि नारी सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है। कल लखनऊ में पत्र सूचना कार्यालय के वार्तालाप कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने पोषण माह के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि सरकार की कोशिश है कि बच्चे स्वस्थ रहें और संस्कार से जुड़ें। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने पत्रकारिता में फेक न्यूज और डीप–फेक को चुनौती पूर्ण बताया। कार्यक्रम में पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ के निदेशक दिलीप शुक्ला और केन्द्रीय संचार ब्यूरो लखनऊ के निदेशक मनोज कुमार वर्मा भी मौजूद रहे।

**********

अयोध्या में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां अन्तिम चरण में है। इस बार दो नये विश्व कीर्तिमान स्थापित करने की तैयारी है। एक रिपोर्ट–

***इस दीपावली पर अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव में 26 लाख दिए जलाने के साथ ही 2100 श्रद्धालुओं की मौजूदगी में सामूहिक महाआरती कर दो नए विश्व कीर्तिमान स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। यही नहीं श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने श्रद्धालुओं के लिए एक अभिनव पहल के तहत एक दीया राम के नाम की शुरुआत की है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत दुनिया भर के भक्त ऑनलाइन पंजीकरण कर वर्चुअल दीप प्रज्ज्वलित कर प्रभु श्रीराम के चरणों में श्रद्धा अर्पित कर सकते हैं। तन्मयसोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।***

**********